52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 10.6 °c | अधिकतम 23.6 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:13 सूर्यास्त-5:48 | वर्ष : 52/ अंक : 22 बुधवार, 22 जनवरी 2025 | माघ, कृष्ण पक्ष, अष्टमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

आज आप जो संघर्ष कर रहे हैं, वो उस ताकत को विकसित कर रहा है, जिसकी आपको आगे की जिंदगी में जरूरत पड़ेगी।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

केजरीवाल दलित और वाल्मीकि समाज के विरोधी हैं : उदित राज



समझेगा कौन यहाँ...... दर्द भरे दिल की जबां........

# उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी मुठभेड़, चार कुख्यात एक साथ ढेर

- शामली जनपद में हरियाणा की सीमा के पास कग्गा गैंग के बदमाशों से हुई एसटीएफ मेरठ की मुठभेड़
- इंस्पेक्टर को बदमाशों ने मारी चार गोलियां, गंभीर अवस्था में गुरुग्राम किया गया रेफर

**शामली, 21 जनवरी (बु.)।** जनपद शामली में हरियाणा राज्य के सीमावर्ती इलाके में एसटीएफ और कार सवार कग्गा गैंग के शातिर बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान एसटीएफ और बदमाशों के बीच फायरिंग में एक लाख के इनामी कग्गा गिरोह के शातिर सदस्य अरशद के साथ ही चार बदमाश ढेर हो गए। वहीं एसटीएफ के इंस्पेक्टर को भी चार गोलियां लगी हैं, जिससे वह घायल हो गए हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार सोमवार देर रात यूपी के शामली जिले के झिंझाना क्षेत्र के उदपुर गांव के जंगल में यूपी एसटीएफ की मेरठ यूनिट के पुलिस कर्मियों और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में मुस्तफा उर्फ कग्गा गैंग का एक लाख का इनामी बदमाश अरशद और उसके तीन साथी मारे गए। पुलिस के अनुसार, बदमाशों की गोलीबारी में यूपी एसटीएफ मेरठ यूनिट के इंस्पेक्टर सुनील कुमार घायल हो गए, जिन्हें गंभीर हालत में गुरुग्राम रेफर किया गया, जहां एक निजी अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है। बता दें कि एसटीएफ मेरठ को सोमवार देर रात सूचना मिली थी कि झिंझाना क्षेत्र में बदमाश किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। टीम ने तुरंत उदपुर गांव के पास ईंट भट्ठे के पास घेराबंदी की। ब्रेजा कार सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एसटीएफ ने भी फायरिंग की। मुठभेड़ में सहारनपुर के गंगोह निवासी और मुस्तफा उर्फ कग्गा गैंग के सदस्य अरशद, सोनीपत का मंजीत, हरियाणा के मधुबन का सतीश और एक अन्य बदमाश मारे गए। तो वहीं मुठभेड़ के दौरान इंस्पेक्टर सुनील कुमार को भी बदमाशों द्वारा की गई फायरिंग के चलते गोली लग गई। पुलिस के अनुसार इंस्पेक्टर सुनील दत्त के शरीर में चार गोलियां लगी हैं, उनको तत्काल ही हरियाणा के करनाल के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें तुरंत गुरुग्राम रेफर कर दिया गया, वहां एक निजी अस्पताल में उनको भर्ती कराया गया। इसके साथ ही मुठभेड़ में घायल चारों बदमाशों को भी पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया। एसटीएफ के अनुसार, अरशद पर उत्तर प्रदेश और हरियाणा के कई जिलों में लूट, हत्या और अन्य आपराधिक मामले दर्ज थे। वह सहारनपुर और पानीपत में भी कई संगीन वारदातों में शामिल था। सोनीपत का मंजीत आजीवन कारावास की सजा काट रहा था और पैरोल पर बाहर आने के बाद अपराधों को अंजाम दे रहा था। मुठभेड़ स्थल से पुलिस ने पिस्टल, तमंचे और अन्य हथियार बरामद किए हैं। डीआईजी अजय साहनी और एसपी शामली रामसेवक गौतम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस का कहना है कि बदमाश शामली जनपद में किसी बड़ी वारदात को







## रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर का बेटा था मारा गया बदमाश सतीश कुमार

**शामली।** यूपी एसटीएफ ने एनकाउंटर में जिन चार बदमाशों को ढेर किया है, उनमें से एक की पहचान सतीश कुमार के रूप में हुई है, जो सोनीपत जिले के शेखपुरा गांव का रहने वाला था। पुलिस के अनुसार सतीश 2015 से करनाल के मधुबन इलाके की अशोक विहार कॉलोनी में रह रहा था। उसके पिता हरियाणा पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत थे। 2017 में उसके पिता की बीमारी के कारण मौत हो गई थी। वह मधुबन पुलिस अकादमी में ही तैनात थे। फिलहाल बदमाश सतीश अपनी दो बेटियों व मां के साथ रह रहा था। वह मूल रूप से सोनीपत के गांव शेखपुरा का रहने वाला था। 2015 में वह करनाल आए थे। सतीश की दो बेटियां 11वीं व 12वीं कक्षा में पढ़ती हैं। परिजनों का कहना है कि सतीश घर आता जाता रहता था। सतीश की पत्नी की भी चार साल पहले मौत हो चुकी है।

**********************************************************

## वेस्ट यूपी की सबसे बड़ी मुठभेड़ में चली 30 से ज्यादा गोलियां

**शामली।** जनपद शामली में मेरठ एसटीएफ और बदमाशों के बीच करीब पौन घंटे तक चली इस मुठभेड़ को लेकर एसटीएफ एसपी बृजेश ने बताया कि दोनों ओर से 30 से अधिक राउंड फायरिंग की गई। पुलिस अफसरों का दावा है कि पिछले करीब 16 साल में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इससे बड़ी मुठभेड़ नहीं हुई है। बदमाशों को रोकने के लिए बीती देर रात एसटीएफ इंस्पेक्टर सुनील कुमार दत्त सहित कुल 12 पुलिसकर्मियों की टीम को लगाया गया था। कार सवार बदमाशों ने पुलिस को देखते ही उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में तीन बदमाशों को कार में मार गिराया, जबकि एक बदमाश कार से उतरकर भागने लगा तो पुलिस कर्मियों की गोली लगने के कारण वो कुछ दूरी पर जाकर गिर गया।

**********************************************************

## कुख्यात डकैत ठोकिया और ददुआ के एनकाउंटर में शामिल रहे इंस्पेक्टर सुनील दत्त

**शामली।** एसटीएफ एसपी बृजेश ने बताया कि मुठभेड़ में घायल इंस्पेक्टर सुनील कुमार दत्त यूपी के कई बड़े एनकाउंटर में शामिल रहे हैं। एसटीएफ में आने से पूर्व में इंस्पेक्टर सुनील पीएसी में कंपनी कमांडर के रूप में तैनात थे। उन्होंने बताया कि 15 साल पहले पश्चिमी यूपी में कग्गा गैंग का भरपूर आतंक बना हुआ था। पश्चिमी यूपी में वर्ष 2010 के दौरान कग्गा गैंग की भारी दहशत व्याप्त रहती थी। गैंग के सदस्य रंगदारी से लेकर अन्य गंभीर वारदातों को अंजाम देते रहते थे। खास तौर से कग्गा गैंग की व्यापारियों और उद्योगपतियों में दहशत बनी रहती थी। वर्ष 2011 में इस गिरोह के सरगना मुस्तफा उर्फ कग्गा को पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया था। उस एनकाउंटर के समय ही इंस्पेक्टर सुनील कुमार एसटीएफ में आए थे। वह यूपी के कुख्यात डकैत ठोकिया और ददुआ समेत कई बड़े बदमाशों और डकैतों के साथ हुए एनकाउंटर में शामिल रहे हैं। इस मुठभेड़ में बदमाशों की फायरिंग में उनको चार गोलियां लगी हैं, घायल इंस्पेक्टर को करनाल में प्राथमिक उपचार देने के बाद गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## यूपी सरकार का दावा- वक्फ की 78% जमीन हमारी

**लखनऊ, 21 जनवरी (एजेंसी)।** लखनऊ में आयोजित जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी की बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार ने दावा किया कि राज्य में कुल 14000 हेक्टेयर भूमि में से 11000 हेक्टेयर भूमि सरकारी है। इस बैठक में, सरकार ने प्रमुख धार्मिक स्थल जैसे बड़े इमामबाड़ा, छोटे इमामबाड़ा और अयोध्या के बहू बेगम मकबरे को वक्फ की संपत्ति नहीं मानने का निर्णय लिया। यूपी सरकार की तरफ से कृषि उत्पादन आयुक्त और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की एसीएस मोनिका गर्ग ने सरकार और अपने विभाग का पक्ष रखा। लखनऊ में मंगलवार को वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की बड़ी बैठक हुई। यूपी सरकार की तरफ से कृषि उत्पादन आयुक्त और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की एसीएस मोनिका गर्ग ने सरकार और अपने विभाग का पक्ष रखा। सूत्रों की मानें तो बैठक में जेपीसी के सामने मोनिका ने कहा कि यूपी में वक्फ की 14 हजार हेक्टेयर जमीन है। इसमें से 11 हजार (करीब 78 प्रतिशत) सरकारी जमीन है। इतना ही नहीं उन्होंने तो यहां तक कहा कि लखनऊ का बड़ा इमामबाड़ा, छोटा इमामबाड़ा और अयोध्या में स्थिति बहू-बेगम का मकबरा भी सरकार का है। हालांकि, शिया वक्फ बोर्ड ने इसका विरोध किया और बैठक में मौजूद कई सदस्यों ने भी इसका विरोध किया। वक्फ (संशोधन) विधेयक पर गठित संसदीय समिति 24 और 25 जनवरी को प्रस्तावित कानून पर खंड-दर-खंड विचार करेगी। यह रिपोर्ट को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया है। समिति की रिपोर्ट संसद के बजट सत्र के दौरान पेश किए जाने की उम्मीद है। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली संसद की संयुक्त समिति ने देश भर के हितधारकों के साथ अपनी परामर्श प्रक्रिया पूरी कर ली है और अब रिपोर्ट को अंतिम रूप देने से पहले समिति के सदस्यों की राय लेने की दिशा की तरफ बढ़ रही है।

# राज सुजुकी व राज डूप्लेक्स फर्म पर जीएसटी का छापा

## करीब 10 घंटे चली छापेमारी में दस्तावेज किए जब्त

**मुजफ्फरनगर, 21 जनवरी (बु.)।** जानसठ रोड स्थित राज डूप्लेक्स एवं राज सुजुकी एजेंसी पर मंगलवार सुबह स्टेट जीएसटी टीम ने एक साथ पहुंच एजेंसी में मौजूद सामग्री एवं माल के क्रय-विक्रय की जांच पड़ताल शुरू कर की। टीम की जांच के दौरान सामने आया कि बिना बिलों के ही एजेंसी पर खरीद और बिक्री से जुड़े दस्तावेज सामने आए है। करीब 10 घंटे से अधिक चली जांच के बाद कारोबारी पर टीम जुर्माना एवं जीएसटी चोरी की गणना में जुटी रही। इस दौरान टीम ने मौके पर ही कारोबारी से जुर्माना जमा करा लिया, जबकि स्टॉक सीज कर दिया गया।

मंगलवार को स्टेट जीएसटी विभाग की एसआइबी विंग के ज्वाइंट कमिश्नर सिद्धेश दीक्षित ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी कि नगर के जानसठ रोड स्थित राज सुजुकी एवं राज डूप्लेक्स पर बिना बिलों के खरीद-बिक्री की जा रही है। सुबह तीन गाड़ियों में सवार होकर पहुंची उक्त टीम ने दोनों स्थानों पर जीएसटी विभाग के डिप्टी कमिश्नर विवेक मिश्रा के नेतृत्व में छापेमारी की। डिप्टी कमिश्नर के नेतृत्व में पहुंची टीम ने जानसठ रोड स्थित राज सुजुकी एवं राज डूप्लेक्स पर छापा मारा। इस दौरान वहां माल का स्टाक, लेखा पुस्तक समेत अन्य जरुरी दस्तावेजों आदि की गणना के साथ जांच शुरू की गई। करीब 10 घंटे से ज्यादा चली जांच में टीम को गड़बड़ियां पकड़ में आई है। इसके साथ टीम ने कई संदिग्ध प्रपत्र कब्जे में लिए है, जिसके आधार पर जांच चल रही है।




## 5 फरवरी को महाकुंभ आएंगे पीएम मोदी, राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति और गृहमंत्री भी करेंगे स्नान

**नई दिल्ली, 21 जनवरी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाकुंभ मेला 2025 का दौरा कर सकते हैं। उम्मीद है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगे। नेताओं की सुचारू और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक और सुरक्षा तैयारियों को मजबूत किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच फरवरी को महाकुंभ मेला 2025 का दौरा कर सकते हैं। वहीं, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 27 जनवरी को मेले में शामिल होने वाले हैं। उम्मीद है कि एक फरवरी को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी समारोह का हिस्सा बनेंगे। 27 जनवरी को गृहमंत्री अमित शाह अपने तय कार्यक्रम के मुताबिक महाकुंभ में हिस्सा लेंगे। वह संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगे। गंगा पूजा करेंगे और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। गृहमंत्री अमित शाह के दौरे को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने शहर के प्रमुख चौराहों और कार्यक्रम स्थलों पर विशेष निगरानी के साथ सतर्कता बढ़ा दी है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एक फरवरी को संगम में पवित्र डुबकी लगाने वाले हैं। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भी 10 फरवरी को प्रयागराज जाने की उम्मीद है। अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति के प्रमुख कार्यक्रमों में भाग लेने की उम्मीद है। इन नेताओं की सुचारू और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक और सुरक्षा तैयारियों को मजबूत किया जा रहा है।

## नाबालिग से छेड़छाड़ व दुष्कर्म के मामले में चार साल की सजा

**मुजफ्फरनगर, 21 जनवरी (बु.)।** नाबालिग बच्चे के साथ अप्रैल 2021 छेड़छाड़ के मामले में कोर्ट ने आरोपी को चार साल की सजा व 5 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी के खिलाफ पुलिस ने कुकर्म की धाराओं में चार्जशीट दाखिल की थी। कोर्ट ने पीडित के बयानों के आधार पर मंगलवार को सजा सुनाई। एडीजीसी विनय कुमार अरोरा व मनमोहन वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 6 अप्रैल 2021 को थाना सिविल लाइन क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति का बेटा मन्दिर में गया था। उसका बेटा मानसिक रूप से कमजोर था, जिसे आरोपी पुष्पेन्द्र त्यागी बहला-फुसलाकर जनकपुरी निवासी मन्दिर के पीछे ले गया था और उसके साथ कुकर्म किया। बच्चे के शोर मचाने पर क्षेत्र के आसपास के लोग वहां इकट्ठा हो गए। इसी बीच आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कुकर्म की धाराओं में चार्जशीट दाखिल की थी। हालांकि बाद में कोर्ट में पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ बयान बदलते हुए मात्र अश्लील छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। इस मामले की सुनवाई पोक्सो कोर्ट नम्बर 2 अंजनी कुमार सिंह की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात आरोपी को चार साल की सजा व 5 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# इस्लामिया इण्टर कॉलेज मैनेजमेंट द्वारा कब्जाए गए रास्ते की जांच करने पहुंचे एसडीएम व सिटी मजिस्ट्रेट

- मौहल्ला बाग प्यारे लाल के रास्ते का अधिकारियों ने किया निरीक्षण
- शिव सैनिकों व हिन्दू संगठनों ने उठाई समस्या निदान की मांग

**मुजफ्फरनगर, 21 जनवरी (बु.)।** इस्लामिया कॉलेज प्रबंधन द्वारा नगर की हिंदू बस्ती से जाने वाले सार्वजनिक मार्ग को विरोध के बावजूद बंद करने के मामले में मंगलवार को सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप एवं एसडीएम सदर निकिता शर्मा टीम के साथ मौके पर पहुंची, जहां तहसील टीम ने दस्तावेजों के आधार पर इस मार्ग की जांच पड़ताल की। मौहल्ले में अधिकारियों के पहुंचने की सूचना लगने पर शिवसेना के नेताओं ने अधिकारियों को अपना विरोध जताते हुए समस्या के स्थाई निदान कराने की मांग की।

शिवसेना नेताओं ने कहा कि एक विशेष समुदाय व क्षेत्र के कुछ भूमाफियाओं ने आर्य समाज रोड पर निकलने वाली गली में दीवार कर रास्ता बंद कर रखा है और दूसरी गली में हिंदू बहन-बेटियों का वहां से गुजरना बड़ा दुश्वार हो रहा है। उन्होंने अधिकारियों से समस्या के बिना दबाव के हल किए जाने की मांग की। इस दौरान शिवसेना नेता मनोज सैनी, लोकेश सैनी, राजेश कश्यप, बसंत कश्यप, आशीष शर्मा, सनी वर्मा, मोनू प्रेस, संदीप कौशिक व हिंदू शक्ति संगठन के राष्ट्रीय संयोजक संजय अरोरा व सभासद सतीश कुकरेजा आदि मौजूद रहे। बता दें, नगर के मौहल्ला बाग प्यारे लाल साउथ सिविल लाइन क्षेत्र में एक निजी कॉलेज प्रबंधन ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करते हुए दीवार बना ली थी, जो बीते दिनों क्षतिग्रस्त हो गई थी। उक्त क्षतिग्रस्त निर्माण को पक्का किए जाने से रोकने पर निजी कॉलेज प्रबंधन द्वारा जान से मारने व देख लेने की धमकी दिए जाने पर विवाद अफसरों तक पहुंचा था।



**एमडीए की खुबसूरत पहल**

# महावीर चौक से प्रकाश चौक तक एक ही रंग में रंगेगा

- लखनऊ के हजरतगंज की तर्ज पर होगा कायाकल्प
- जल्द व्यापारियों संग बैठक करेगा एमडीए विभाग

**मुजफ्फरनगर, 21 जनवरी (बु.)।** एमडीए की ओर से शुरू प्रयासों के बीच जल्द ही नगरीय क्षेत्र में सूरत बदलने के साथ मुख्य बाजारों में विकास की झलक में अब बड़ा बदलाव होने जा रहा है। शासन की प्राथमिकता पर मॉडल उपविधि-2021 के तहत नगर के बाजारों को एकरूपता प्रदान करने की पहल शुरू की है। इसके लिए एमडीए उपाध्यक्ष कविता मीणा ने अपनी टीम के साथ मिलकर शहर के प्रकाश चौक से महावीर चौक वाली मुख्य सड़क के भवनों का फसाड नियंत्रण योजना के तहत चयनित किया है। यहां के व्यापारियों और भवन स्वामियों की बैठक बुलाने की तैयारी है, जिसमें एमडीए पूरी योजना को सामने रखते हुए सभी को इसके लिए प्रेरित भी करेगा, ताकि भवन के मुख्य भाग को एक कलर कोड में बनाया जाये।

एमडीए की उपाध्यक्ष कविता मीणा के निर्देशन में एमडीए टीम जनपद मुजफ्फरनगर में पहली बार मॉडल उपविधि-2021 के तहत शहर के एक बाजार को एकरूप व एक रंग प्रदान करने की तैयारी में जुटी है। इसके लिए एमडीए ने महावीर चौक से प्रकाश चौक के बीच में फसाड नियंत्रण हेतु नई पहल की है। इस पहल से शहर का सौंदर्यीकरण होने के साथ इस बाजार में भवनों को हजरतगंज चौराहा लखनऊ की तर्ज पर एक रूप प्रदान किया जायेगा। इस योजना में भवनों के अग्रभाग एक कलर कोड देने की तैयारी है। इससे शहर में जहां लखनऊ की झलक नजर आएगी वहीं बाजार के स्थापित होने पर शहर का नाम भी रोशन होगा। महावीर चौक से प्रकाश चौक के भवनों का सर्वे एमडीए टीम ने कर लिया है। इसके बाद क्षेत्र का चयन किया गया है। यह सड़क पूरी तरह से व्यवसायिक है और यहां पर बड़े व्यवसायिक भवन बने हैं, जिनमें शोरूम व हॉस्पिटल शामिल हैं। जल्द इस क्षेत्र के सभी भवन स्वामियों और व्यापारियों के साथ एमडीए बैठक करते हुए अपनी योजना को उन तक पहुंचाने के लिए तैयारी कर रहा है।

**इन्होंने कहा-**



"**एमडीए उपाध्यक्ष कविता मीणा** ने बताया कि फसाड नियंत्रण के तहत महावीर चौक से प्रकाश चौक तक की सड़क को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर लिया गया है, जिसमें सड़क के दोनों बने प्रत्येक भवन के मुख्य भाग को एकरूपता देने का प्रयास किया है। यहां पर दुकानों के नाम, भवन के रंग रूप और अन्य चीजों को एक समान लाकर बाजार को एकरूपता प्रदान करने की योजना बनाई जा रही है। इसमें सभी के सहयोग की आवश्यकता है। यह सफल रहा तो इसे जिले में अन्य स्थानों पर भी लागू कराने के लिए अमल करेंगे। एमडीए उपाध्यक्ष कविता मीणा ने क्षेत्रीय एई एके जैन के साथ अवर अभियंताओं संदीप कुमार और जयकरण को इस योजना पर तेजी से कार्य करने को निर्देशित किया है।"





1973-2024

सम्पादक की कलम से

## दिल्ली विधानसभा चुनाव और योगी

दिल्ली विधानसभा चुनाव का परिणाम कुछ भी हो, लेकिन यह चुनाव उसी तरह विभिन्न अटकलबाजियों वाला हो चला है, जैसे महाराष्ट्र का विधानसभा चुनाव था। इस बार भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव को गंभीरता से ले रही है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में योगी भी चुनाव प्रचार करेंगे। योगी के प्रचार से केजरीवाल की तबीयत खराब बताई जा रही है। प्रधानमन्त्री मोदी भी रैलियां करेंगे। कांग्रेस भी दमखम दिखा रही है। इस बार यह चुनाव काफी दिलचस्प हो चला है। भारतीय जनता पार्टी साल 1993 के चुनाव में विजय के साथ केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली की सत्ता पर काबिज हुई थी। 1998 के चुनाव में हार के साथ सत्ता से बाहर हुई बीजेपी इस बार चुनावी बाजी जीतने के लिए पूरा जोर लगा रही है। बीजेपी अब अपने सबसे बड़े चेहरे प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी को चुनाव प्रचार के लिए मैदान में उतारने की तैयारी में है। केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों के लिए 5 फरवरी को मतदान होना है। इन सीटों पर चुनाव के लिए प्रचार 3 फरवरी की शाम 5 बजे थम जाएगा। योगी आदित्यनाथ 23 जनवरी से दिल्ली में रोड शो और जनसभाओं से मेगा चुनाव प्रचार का शुभारंभ करेंगे, जबकि 26 जनवरी के बाद पीएम मोदी भी दिल्ली में आम आदमी पार्टी के खिलाफ प्रचार करेंगे। भाजपा ने दिल्ली में मेगा चुनाव प्रचार के लिए केंद्रीय नेताओं सहित कई प्रदेशों के सीएम और अन्य नेताओं की फौज तैयार की है। इन लोगों को सामाजिक समीकरणों के हिसाब से जिम्मेदारियां बांटी गई हैं। दिल्ली में चुनाव प्रचार के लिए पीएम मोदी के बाद सबसे ज्यादा मांग सीएम योगी की है। इसको देखते ही पार्टी ने दिल्ली में सीएम योगी की 12 से अधिक जनसभाएं और रोड शो तय किए हैं। जबकि पीएम मोदी की भी 26 जनवरी के बाद तीन से पांच सभाएं रखी गई हैं। इसके साथ ही भाजपा ने दिल्ली की सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में प्रतिदिन किसी न किसी बड़े नेता की रैली या जनसभा कराने की योजना तैयार की है। इसके तहत गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई केंद्रीय मंत्री और अन्य प्रदेशों के प्रमुख नेता सामाजिक समीकरणों के हिसाब से जनसभा, रैली, रोड शो और पदयात्रा में हिस्सा लेंगे। सभी सत्तर विधानसभा सीटों के लिए होने वाले इस चुनाव में लगभग हर उम्मीदवार योगी की सभा व रैली चाहता है। इसके लिए नामांकन दाखिल कराने वाले नेता इस समय प्रदेश नेताओं के पास योगी की रैली के लिए हाजिरी लगा रहे हैं। पार्टी ने हाल ही में विधानसभा चुनाव के लिए अपने चालीस प्रमुख प्रचारक चुनाव मैदान में उतारे हैं, जिनमें योगी आदित्यनाथ का नाम भी शामिल है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में इसी सप्ताह से मुख्यमन्त्री योगी की सभाओं व रैलियों का दौर शुरू करने की तैयारियां की जा रही है। योगी की सबसे अधिक मांग पश्चिमी उत्तर प्रदेश से सटी विधानसभाओं से आ रही है। इनमें पूर्वी और उत्तर पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र की सीट शामिल है। इन क्षेत्रों में मुस्तफाबाद, घोंडा, शाहदरा, पटपड़गंज, आरके पुरम, पालम, बिजवासन और द्वारका जैसी अहम सीटें हैं। बताया जा रहा है कि पार्टी की तरफ से जिन सीटों का जिम्मा दिया गया है, उन सीटों में पटपड़गंज सीट भी शामिल है। ये रैलियां मुस्लिम बहुल इलाकों के बीच होंगी। मुख्यमन्त्री योगी की सभाओं को सुनकर आप वाले बौखलाए हुए हैं। अनर्गल प्रलाप करने के लिए बदनाम इस पार्टी के नेता अहमकाना बयानबाजी कर रहे हैं। योगी आदित्यनाथ के दिल्ली में दस्तक देने के पहले से ही 'बंटेंगे तो कटेंगे' का नारा गूंजने लगा है। देखना है योगी आदित्यनाथ का अगला कैंपेन बीजेपी के लिए हरियाणा-महाराष्ट्र जैसे रिजल्ट लाता है, या झारखंड की तरह भाजपा कम सीटों पर सिमटेगी. दिल्ली विधानसभा में भाजपा के पास खोने को कुछ नहीं है, जितनी सीटें आएंगी पहले से ज्यादा ही आएंगी। योगी आदित्यनाथ दिल्ली में ऐसे समय चुनाव प्रचार करने जा रहे हैं, जब उनके उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव हो रहा है। हाल ही में 9 सीटों पर हुए उपचुनाव में से 7 सीटें योगी आदित्यनाथ बीजेपी की झोली में डाल चुके हैं, लेकिन मिल्कीपुर की अलग अहमियत है। मिल्कीपुर में भी 5 फरवरी को ही वोटिंग होने वाली है और नतीजे 8 फरवरी को आएंगे। दिलचस्प बात ये है कि दिल्ली चुनाव में योगी आदित्यनाथ का नारा सिर्फ बीजेपी उम्मीदवार कपिल मिश्रा के इलाके में ही नहीं, बल्कि आम आदमी पार्टी की एक महिला उम्मीदवार के मुंह से सुनने को मिला है। हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बीजेपी की जीत में तो योगी आदित्यनाथ के नारे का खूब प्रयोग हुआ था, अब दिल्ली में योगी आदित्यनाथ के कैंपेन का क्या असर होने वाला है, इसी पर सबकी नजर है। दिल्ली के करावल नगर क्षेत्र में 'बंटेंगे तो कटेंगे' लिखे पोस्टर देखे गये हैं, वैसे ही जैसे महाराष्ट्र और उसके साथ हुए राज्यों की विधानसभा के चुनाव में देखने को मिले थे। करावल नगर से बीजेपी के टिकट पर कपिल मिश्रा चुनाव मैदान में हैं। कपिल मिश्रा के चुनाव प्रचार के दौरान ही 'बंटेंगे तो कटेंगे' के पोस्टर दिखाई दिये। दिल्ली में भी योगी आदित्यनाथ के नारे का सपोर्ट आम आदमी पार्टी की एक उम्मीदवार की तरफ से देखना काफी दिलचस्प है। आप उम्मीदवार ये स्लोगन अपने नेता अरविंद केजरीवाल के लिए कर रही हैं। सरिता सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, इस नारे का मैं दिल से सपोर्ट करती हूं, इस बार दिल्ली के लोग बंटे और गलती से बीजेपी जीती तो दिल्ली में 10 साल से जो सुविधाएं मिल रही हैं, वो सब कट जाएगा। 'बंटेंगे तो कटेंगे' बोलकर कपिल मिश्रा दिल्ली को बीजेपी के लिए वोट मांग रहे हैं, जबकि सरिता सिंह आम आदमी पार्टी के लिए। देखना है ये नारा दिल्ली वाले योगी आदित्यनाथ वैसे 'बंटेंगे तो कटेंगे' कहते हैं, तो क्या असर होता है? योगी आदित्यनाथ वैसे तो पूरे देश में अपनी हिंदुत्व की राजनीति वाली लाइन पर बीजेपी के लिए चुनाव प्रचार करते रहे हैं, लेकिन दिल्ली में रहने वाले पूर्वांचल के वोटर के बीच बीजेपी उनका इस्तेमाल करना चाहती है। दिल्ली चुनाव में इस बार अखिलेश यादव ने पूर्वांचल के लोगों के वोट के लिए ही अरविंद केजरीवाल का सपोर्ट किया है। यूपी में मिल्कीपुर उपचुनाव योगी आदित्यनाथ और अखिलेश यादव दोनों के लिए बराबर महत्वपूर्ण है। अखिलेश यादव अपने हिस्से की दो सीटें तो उपचुनाव में गवां ही चुके हैं, ऐसे में मिल्कीपुर जीतना सपा के लिए जरूरी हो गया है। रही बात योगी आदित्यनाथ की, तो उनको मिल्कीपुर में बीजेपी के लिए अयोध्या की हार का हिसाब बराबर करना है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

**'टिकट' 'हकूमत' 'हार' 'जेल'**

कोई टिकट का ब्लेकिया है कोई भ्रष्टाचारी है,
किस तरह के लोग आए अब हकूमत के लिए?
हार उनकी तय करो,जो जेल की जानिब चलें,
अच्छे लोगों को जिताओ अब सियासत के लिए।

# प्राकृतिक संसाधन चाहिए, तो करें प्रकृति का सम्मान: प्रो. वाई. विमला

## डीएवी कॉलेज ने किया शाकुम्भरी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. हृदय शंकर सिंह एवं वर्तमान कुलपति प्रो. वाई विमला का अभिदंन कार्यक्रम

**मुजफ्फरनगर, 21 जनवरी (बु.)।** डीएवी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में शाकुंभरी विश्वविद्यालय सहारनपुर की नवनियुक्त कुलपति प्रो. वाई विमला एवं पूर्व कुलपति प्रो. हृदय शंकर सिंह के सम्मान में एक अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान भव्या, सोनम, प्रिया एवं भारती द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। पूर्व कुलपति प्रोफेसर हृदय शंकर सिंह का स्वागत प्रोफेसर गरिमा जैन द्वारा पौधे एवं शॉल ओढाकर किया गया। वर्तमान कुलपति प्रोफेसर वाई विमला का स्वागत महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव डॉ. एम.के. बंसल द्वारा पौधे एवं शॉल भेंट करके किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए प्राचार्या प्रो. गरिमा जैन ने कहा कि प्रो. हृदय शंकर सिंह ने एनईपी 2020 के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई एवं अल्प समय में विश्वविद्यालय की स्थापना और उसको क्रियाशील बनाने का सुनिश्चित कार्य अपने कार्यकाल में किया। उन्होंने प्रो. वाई विमला का स्वागत किया। प्रो. देवेश त्यागी ने पूर्व कुलपति का परिचय प्रस्तुत किया। भूतपूर्व कुलपति प्रोफेसर हृदय शंकर सिंह ने सभी को अपने विश्वविद्यालय के कार्यों में किये गए सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।





इसके उपरांत प्रो. संजीव कुमार ने नवनियुक्त कुलपति प्रो. वाई विमला का परिचय प्रस्तुत किया। कुलपति प्रोफेसर वाई विमला ने कहा कि हमें प्रकृति का सम्मान करना चाहिए एवं प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. एम.के. बंसल सचिव, प्रबंध समिति द्वारा सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर सुनीता शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रो. डीके त्यागी, प्रो. अर्चना धामा, प्रो. ओम दत्त, डॉ. राहुल शर्मा, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. अंशु बंसल, डॉ. रितु मित्तल, प्रमोद कुमार आदि का योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रो. सुधीर पुंडीर प्राचार्य एस.डी. कॉलेज, प्रो. सीमा जैन प्राचार्य जैन कन्या महाविद्यालय, प्रो. केपी सिंह प्राचार्य सीसीआर कॉलेज, प्रो. रामकिशन शर्मा, प्रो. विपिन जैन, प्रो. वेदपाल, प्रो. सुरेंदर पाल, प्रो. प्रीति, प्रो. सुविता कुमारी आदि मौजूद रहे।

# अब भाकियू ने भरी हुंकार, 26 जनवरी को होगा ट्रैक्टर मार्च, 17 फरवरी को मुजफ्फरनगर में होगी महापंचायत

**मुजफ्फरनगर, 21 जनवरी (बु.)।** भारतीय किसान यूनियन की संपन्न मासिक बैठक में एक बार फिर बड़े आंदोलन को लेकर संगठन सक्रिय दिखाई दिया। इस बीच महावीर चौक कार्यालय पर संपन्न बैठक में प्रयागराज राष्ट्रीय चिंतन शिविर में भारतीय किसान यूनियन के शीर्ष नेतृत्व द्वारा घोषित 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर ट्रैक्टर मार्च और 17 फरवरी को मुजफ्फरनगर में होने वाली महापंचायत को लेकर मंथन किया गया। बैठक में सभी पदाधिकारियों द्वारा अपने वक्तव्य में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर ब्लॉक स्तर पर होने वाले ट्रैक्टर मार्च को लेकर संख्या बल और ट्रैक्टरों के साथ में उपस्थिति दर्ज करने की बात रखी। वहीं शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर 17 फरवरी को मुजफ्फरनगर में होने वाली इस महापंचायत को ऐतिहासिक बनाने पर बल दिया।



भाकियू जिलाध्यक्ष चौ. नवीन राठी ने कहा कि यह जिला बाबा टिकैत का जिला है, जिसमें होने वाली पंचायतों ने सदैव इतिहास बनाया है। इस बार भी यहां पर ऐतिहासिक महापंचायत में बाहर से आने वाले किसानों के लिए उचित प्रबंध किए जाएंगे। उन्होंने 26 जनवरी के ट्रैक्टर मार्च को लेकर स्पष्ट कहा कि जिले के 9 ब्लॉक में प्रत्येक कस्बे में ट्रैक्टर मार्च निकालकर गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा जिसमें कार्यकर्ता व पदाधिकारी जोर शोर से हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि यह बड़े आंदोलन का आगाज है, ऐसे में स्थानीय अधिकारी किसानों का शोषण बंद कर दें अन्यथा 17 फरवरी की महापंचायत आंदोलन के रूप में भी तब्दील हो सकती है। मीडिया प्रभारी चौ. शक्ति सिंह ने बताया कि 28 जनवरी से जिला स्तर पर प्रत्येक ब्लॉक में जिलाध्यक्ष नवीन राठी द्वारा जिले के पदाधिकारियों के साथ 5-5 बैठक आयोजित की जाएंगी और 17 फरवरी की महापंचायत के लिए किसानों में जागरूकता का कार्य किया जाएगा। अध्यक्षता भारतवीर आर्य व संचालन शक्ति सिंह ने किया। इस दौरान नरेश पुंडीर, योगेश बालियान, जितेंद्र बालियान, संजय त्यागी, सोनू चौधरी, गुलबहार राव, अंकित मलिक, मानसिंह मलिक, सरदार अमीर सिंह, देव अहलावत, रंधोल राठी, पीयूष पंवार, मौहब्बत अली, राहुल बालियान, अंकुश प्रधान, दीपक चौधरी, अश्विनी तंवर, अहसान, बिट्टू प्रधान, विकास त्यागी आदि ने अपने विचार रखें। बैठक में शरद पंवार, विवेक त्यागी, सतीश रॉयल, इनाम चौधरी, मुनाजिर, शाहनवाज, फराद, जावेद, भूपेंद्र, मोमिन, महमूद, अमरजीत तोमर आदि उपस्थित रहे।

# खाद्यान्न वितरण में अनियमितता होने की ग्रामीणों ने की शिकायत

**भोपा, 21 जनवरी (बु.)।** गांव मलपुरा में ग्रामीणों ने राशन डीलर पर घटतौली व राशन वितरण में अनियमितता बरतने के आरोप लगाए। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए पूर्ति निरीक्षक ने टीम के साथ राशन डीलर की जांच की तथा ग्रामीणों से जानकारी प्राप्त की। मोरना ब्लॉक क्षेत्र के गांव मलपुरा निवासी साजिद, आबिद, मुजम्मिल, नियाज, साबुदीन, गुलशेर आदि ने एसडीएम जानसठ को पत्र लिखकर बताया कि गांव मलपुरा में सरकारी गल्ले की दुकान अनीता पत्नी मिंटू के नाम है, जिसे अनीता का ससुर ब्रजमोहन चलाता है। ब्रजमोहन गल्ला देते हुए घटतौली करता है व एक प्लास्टिक की बाल्टी सहित राशन तोलता है, जिसमें वह बाल्टी का वजन नहीं घटाता है। ग्रामीण जब उसे ऐसा करने से मना करते हैं, तो बोलता है कि यहां राशन ऐसे ही मिलेगा, जहां ठीक मिले वहां से ले लो। यदि ग्रामीण शिकायत करने के लिए कहते हैं, तो वह अपने आपको मजदूर यूनियन का नेता बताकर धमकाता है। राशन डीलर समय से राशन नहीं देता है। हर महीने की 22 तारीख को शाम पांच बजे से राशन बांटता है, जबकि राशन वितरण 5 तारीख से किया जाता है। राशन दुकान में स्टॉक भी पूरा नहीं है। आरोप है कि उसने राशन स्टॉक का पूरा गल्ला बेच दिया है, जब अगले महीने का गल्ला आ जाता है, तब राशन वितरण करता है। ब्रजमोहन ने पूरे महीने में कोई गल्ला वितरण नहीं किया, जब ग्रामीणों ने पूछता तो उसने कहा कि अभी दिसम्बर महीने का कोई गल्ला नहीं आया है। गत 25 दिसम्बर को शाम पांच बजे जब गल्ला आ गया, तब दिसम्बर का राशन वितरण किया गया। राशन डीलर अपनी मनमानी करता है। सूचना पर पहुंचे पूर्ति निरीक्षक गौरव निर्वाल ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों की शिकायतें सुनी हैं।



# भतीजे की शादी में अपने गांव पंचूर जाएंगे सीएम योगी

**लखनऊ, 21 जनवरी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उत्तराखंड स्थित अपना गांव याद आया है। अगले महीने यानी फरवरी में वह अपने गांव में दो दिन तक रूकेंगे। इसकी प्लानिंग बन चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार, मुख्यमंत्री इस दौरान अपने परिवार के सदस्यों से भी मुलाकात करेंगे। बताया जाता है कि सीएम योगी छह और सात फरवरी को पारिवारिक शादी में शामिल होने के लिए गांव जाएंगे। सीएम योगी का गांव पौड़ी गढ़वाल के यमकेश्वर के पंचूर में है, जहां वो अपने भतीजे के शादी कार्यक्रम में शामिल होंगे। संन्यास से पहले यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का नाम अजय सिंह बिष्ट था। योगी आदित्यनाथ का जन्म उत्तराखंड में पौड़ी गढ़वाल के यमकेश्वर इलाके के पंचूर गांव में हुआ था। पांच जून 1972 को उनका जन्म हुआ। उन्होंने बीएससी की पढ़ाई की। बेहद कम उम्र में घर-बार त्याग दिया था और संन्यास ले लिया था। महंत अवेद्यनाथ के शिष्य बनने के साथ उन्होंने काफी ज्ञानार्जन किया। नाथ संप्रदाय की पीठ गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर के पद पर सीएम योगी विराजमान हैं। सीएम योगी के पिता वन विभाग में थे।

# यूपी के माध्यमिक विद्यालयों में भरे जाएंगे अध्यापक दस हजार पद, स्नातक के साथ बीएड होगा मान्य, योग्यता से समकक्ष शब्द भी हटा

**लखनऊ, 21 जनवरी (एजेंसी)।** प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक (एलटी ग्रेड) व प्रवक्ता के लगभग 10 हजार पदों पर भर्ती का रास्ता साफ हो गया है। प्रदेश कैबिनेट ने बाई सकुर्लेशन उत्तर प्रदेश अधीनस्थ शिक्षा सेवा नियमावली 2024 में संशोधन को मंजूरी दे दी है। इसके तहत इन पदों पर भर्ती के लिए योग्यता में से समकक्ष शब्द हटा दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा के विद्यालयों में सहायक अध्यापक व प्रवक्ता के पदों पर भर्ती की जाती है। इसमें सहायक अध्यापक के लिए संबंधित विषय में स्नातक, बीएड या समकक्ष योग्यता, अर्हता थी। इसी तरह प्रवक्ता पद के लिए संबंधित विषय में स्नातक, बीएड या समकक्ष योग्यता, अर्हता लिखी हुई थी। पिछले दिनों इससे जुड़े कई मामले न्यायालय में गए और समकक्ष योग्यता को लेकर चुनौती दी गई। इसकी वजह से माध्यमिक विद्यालयों में भर्ती काफी समय से प्रभावित थी। वहीं लोक सेवा आयोग ने भी माध्यमिक शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर समकक्ष योग्यता को परिभाषित करने की मांग की थी। इसे देखते हुए माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से उप्र अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा छठवें संशोधन नियमावली व उप्र विशेष अधीनस्थ शैक्षणिक (प्रवक्ता संवर्ग) सेवा दूसरे संसोधन नियमावली 2024 के प्रख्यापन का प्रस्ताव कैबिनेट में भेजा था। माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने बताया कि इस प्रस्ताव पर कैबिनेट ने अपनी सहमति दे दी है। इस नियमावली संशोधन के अनुसार विवाद को देखते हुए विभाग ने इन दोनों पदों की योग्यता में से समकक्ष शब्द को हटाकर, संबंधित विषय में स्नातक/परास्नातक व नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन (एनसीटीई) द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से बीएड की डिग्री तय कर दिया है। वहीं इस नियमावली में संशोधन के साथ ही लगभग 10 हजार पदों पर शिक्षकों की भर्ती का रास्ता साफ हो गया है। विभाग की ओर से जल्द ही इन पदों पर भर्ती के लिए अब लोक सेवा आयोग को संशोधित अधियाचन भेजा जाएगा।

# होमगार्डों को सीएम योगी की सौगात, अब मुख्यालय में कार्यरत तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को भी मिलेगा आवास

**लखनऊ, 21 जनवरी (एजेंसी)।** होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने मंगलवार को विभिन्न आवासीय, प्रशिक्षण कार्यालय एवं प्रशासनिक भवनों का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि अभी तक मुख्यालय में कार्यरत तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के लिए कोई विभागीय आवासीय भवन नहीं था। इनकी आवश्यकताओं को देखते हुए जी-11 टाइप-ए, टाइप-बी के 24 बहुमंजिला भवन के निर्माण के लिए शिलान्यास किया जा रहा है। इससे उनके रहने की अच्छी व्यवस्था हो जाएगी। उन्होंने कौशांबी व महराजगंज में जिला कार्यालय, बांदा, शामली व वाराणसी में जिला एवं मंडल कार्यालय और गोरखपुर में मंडलीय प्रशिक्षण केंद्रों का भी शिलान्यास किया। इन भवनों के निर्माण में करीब 63.84 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि विभाग के गठन के बाद यह पहला अवसर है, जब कर्मचारियों के लिए आवासीय भवनों का निर्माण किया जा रहा है। गोरखपुर में बनने वाले प्रशिक्षण भवन के निर्माण से जवानों की ट्रेनिंग में सुविधा होगी। मंत्री ने कहा कि विभागीय मुख्यालय पर बनने वाले आवासीय टाइप-ए के भवनों में दो कमरे और टाइप-बी के भवनों में तीन कमरे की व्यवस्था होगी। टाइप-ए चतुर्थ श्रेणी को और टाइप-बी तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों के लिए उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि 39 जिलों में भवन निर्माण और पांच जिलों में मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण अब तक किया जा चुका है। इस अवसर पर डीजी होमगार्ड बीके मौर्या, प्रमुख सचिव होमगार्ड राजेश कुमार सिंह, आईजी धर्मवीर, विवेक कुमार सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।



# 27 जनवरी को होगी ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

## सभी आयु-वर्ग के खिलाड़ी कर सकेंगे प्रतिभाग

**मुजफ्फरनगर, 21 जनवरी (बु.)।** खेलकूद में अपनी पहचान बनाने का सपना देखने वाली ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देने की खातिर खुली ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन रविवार से किया जाएगा, जिसमें हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को विभिन्न खेलों के बारे में बहुत कुछ सीखने का मौका मिलेगा। प्रतियोगिताओं का आयोजन आगामी 27 व 28 जनवरी को नगर मुख्यालय स्थित चौ. चरण सिंह स्पोर्ट्स सटेडियम में प्रातः 9 बजे से कराया जाएगा।

रविवार से चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित होने वाली ग्रामीण प्रतियोगिताओं में लंबीकूद, दौड़ व कुश्ती आदि पारंपरिक खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का खिलाड़ियों को मौका मिलेगा, वहीं प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी व्यक्तिगत और टीम के साथ ही हिस्सा बन सकेंगे। इस संबंध में जिला युवा कल्याण एवं प्रा. वि. दल अधिकारी विशाल कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में ब्लॉक, जनपद, जोन एवं राज्य पर उत्तर प्रदेश, ग्रामीण खेल लीग के अन्तर्गत ग्रामीण खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के सम्बन्ध में प्रदत्त मार्ग निर्देशानुसार जनपद मुजफ्फरनगर में उत्तर प्रदेश, ग्रामीण खेल लीग के अन्तर्गत विकास खण्ड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिताओं का विधाओं में आयोजन सम्पन्न कराये जाने के बाद जनपद स्तर पर उत्तर प्रदेश, ग्रामीण खेल लीग के अन्तर्गत ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन 27 व 28 जनवरी को चौधरी चरण सिंह स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजन प्रातः 09 बजे से कराया जायेगा।

# गरीब कन्याओं की शादी के लिए आवेदन शुरू, यूपी की सरकार उठाएगी शादी का सारा खर्च

**बुढ़ाना, 21 जनवरी (बु.)।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत 29 जनवरी को गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले जरुरतमन्द, निराश्रित, निर्धन परिवारों की विवाह योग्य कन्या, विधवा, परित्यक्ता और तलाकशुदा महिलाओं के विवाह के लिए नगर पंचायत बुढ़ाना में शादी अनुदान योजना के माध्यम से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते हुए सभी वर्ग के व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु पात्र लाभार्थियों के आवेदन ऑनलाईन https://cmsvy.upsdc.gov.in पर आमन्त्रित किये जा रहे हैं। उक्त योजना के अन्तर्गत पात्रता की शर्तें जिनमें कन्या के अभिभावक निकाय की सीमा के अन्तर्गत निवास करते हों, कन्या या कन्या के अभिभावक निराश्रित-निर्धन व जरुरतमंद हों। विवाह के लिए किये गये आवेदन में पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक होनी अनिवार्य है तथा वर के लिये 21 वर्ष की आयु पूर्ण हो गयी हो। आयु की पुष्टि के लिये स्कूल शैक्षिक रिकॉर्ड, जन्म प्रमाण पत्र मतदाता पहचान-पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड और आधार कार्ड मान्य होंगे। निर्धन परिवारों की कन्या के विवाह, विधवा, परित्यक्तता, तलाकशुदा जिसे कानूनी रूप से तलाक हो गया हो का पुनर्विवाह, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछडा वर्ग के आवेदकों को जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। विवाह हेतु निराश्रित कन्या, विधवा महिला की पुत्री, दिव्यांगजन अभिभावक की पुत्री ऐसी कन्या जो खुद दिव्यांग हो, उसको पूरी प्राथमिकता दी जायेगी। यह जानकारी नगर पंचायत ईओ आलोक रंजन ने दी।



# सफीपुर पट्टी में खूब उत्पात मचा रहे हैं बंदर

**बुढ़ाना, 21 जनवरी (बु.)।** कस्बे से जुड़ी हुई सफीपुर पट्टी में इन दिनों असंख्य बंदरों का जबरदस्त आतंक मचा हुआ है। ग्राम प्रधान भी इस भयंकर समस्या की ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिसके चलते नई तहसील के पीछे बनी कॉलोनी में उत्पाती बंदरों ने खासकर बच्चों और महिलाओं का जीना हराम कर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना ब्लॉक क्षेत्र की सफीपुर पट्टी नई तहसील के पीछे के क्षेत्र में बंदरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बंदरों के बढ़ते आतंक से लोगों का जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है। हर गली और हर मौहल्ले में बंदरों का झुंड देखने को मिल रहा है। शिक्षक सुशील सैनी ने बताया कि उनके घर की छत और आसपास में बड़ी संख्या में बंदर हैं, जो एक साथ झुंड बनाकर घरों में घुसकर खाने पीने के सामान छीनकर ले जाते हैं और साथ ही कपड़े और अन्य सामान को भी उठाकर ले जाते हैं। बंदरों के कारण लोगों को घर के दरवाजे भी बंद रखने पड़ रहे हैं। दिनभर घरों की छतों पर बंदर धमाचौकड़ी करते हुए नजर आते हैं। लोगों ने बुढ़ाना ब्लॉक के बीडीओ सतीश कुमार, ग्राम सचिव और ग्राम प्रधान शोएब अख्तर से इन सभी उत्पाती बंदरों के आतंक से बचाने की मांग की है और कहा है कि जिस तरह से बुढ़ाना नगर पंचायत द्वारा बंदरों की धरपकड़ के लिए पिंजरे लगाए गये हैं, ठीक उसी तरह से यहां पर भी बंदरों की धरपकड़ के लिए पिंजरे लगाए जाएं, ताकि उत्पाती बंदरों से उनको निजात मिल सके।



# एक देश-एक चुनाव: 31 जनवरी को होगी जेपीसी की दूसरी बैठक

**नई दिल्ली, 21 जनवरी (एजेंसी)।** 'एक देश - एक चुनाव' के लिए दो विधेयकों की जांच कर रही संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की दूसरी बैठक 31 जनवरी को होगी। लोकसभा की वेबसाइट पर प्रकाशित कार्यक्रम में यह जानकारी दी गई है। संविधान (129वां संशोधन) विधेयक और संघ राज्य क्षेत्र कानून (संशोधन) विधेयक हाल ही में शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में पेश किए गए थे और इन्हें समिति के पास भेजा गया था। लोकसभा की वेबसाइट के मुताबिक, समिति की आगामी बैठक में संशोधन विधेयकों की जांच के लिए प्रक्रिया और विधियों पर चर्चा की जाएगी। समिति की पहली बैठक आठ जनवरी को हुई थी, जिसमें विधि और न्याय मंत्रालय के प्रतिनिधियों ने समिति के सदस्यों को जानकारी दी थी।

# राशन डीलर की मनमानी से ग्रामीण परेशान, वीडियो हुआ वायरल

**चरथावल, 21 जनवरी (बु.)।** थाना क्षेत्र के ग्राम दधेड़ू खुर्द में राशन डीलर की मनमानी से ग्रामीण परेशान हैं। वहीं राशन डीलर की मनमानी का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। शिकायत पर गठित टीम ने गांव में पहुंचकर जांच पड़ताल की तथा जांच के दौरान राशन कार्डधारकों ने राशन डीलर पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

चरथावल थानाक्षेत्र के दधेड़ू खुर्द में राशन डीलर की करतूत का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें राशन डीलर की लगातार मनमानी जारी है। वायरल वीडियो में अंगूठा लगवाने के बाद राशन डीलर न तो राशन कार्ड उपभोक्ताओं को पर्ची देता है और न ही अंगूठा लगवाकर राशन देता है तथा एक कट्टे में राशन भरकर उसी कट्टे का वजन रखकर अंगूठे लगवा रहा है। राशन डीलर की करतूत से राशन कार्डधारक परेशान है। गांव के प्रधान हुसैन अहमद ने कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि दधेड़ू खुर्द की राशन डीलर ममता विद्यालय को राशन देने में परेशान करती है। अब भी राशन डीलर के पास लगभग 7 कुंतल राशन विद्यालय का बकाया है। साथ ही गांव में जो राशन का वितरण किया जाता है, राशन डीलर अंगूठे के समय राशन न रखकर ईंट पत्थर रखकर अंगूठे लगवाता है तथा उस समय किसी भी लाभार्थी को राशन नहीं देता है। बाद में घटतौली करके राशन देता है, जिस कारण राशन कार्डधारक परेशान हैं। कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने एसडीएम सदर को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वहीं शिकायत पर गठित टीम ने गांव में पहुंचकर जांच पड़ताल की। जांच के दौरान राशन कार्ड धारकों ने राशन डीलर पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

# भारत में 45 करोड़ से ज्यादा लोग बने सोशल मीडिया यूजर



**नई दिल्ली, 21 जनवरी (एजेंसी)।** सोशल मीडिया आज लोगों से कनेक्ट होने का सर्वाधिक महत्वपूर्ण साधन बन चुका है. यह जानकारियों के आदान-प्रदान का मंच भी है. इस माध्यम के जरिये अत्यंत तेजी से कोई भी समाचार दुनिया के एक छोर से दूसरी छोर तक पहुंच जाता है. इसी कारण आज लगभग हर आयु वर्ग इस माध्यम को पसंद करता है और इसके जरिये देश-दुनिया से कनेक्ट होता है. डाटारिपोर्टल डॉट कॉम और केपियोस की मानें, तो अक्तूबर 2024 तक दुनियाभर में सक्रिय सोशल मीडिया उपयोगकताओं की संख्या 5.22 अरब पर पहुंच गयी. यह आंकड़ा दुनिया की कुल जनसंख्या का 63.8 प्रतिशत है। इनती संख्या में लोग इस समय सोशल मीडिया का उपयोग कर रहे हैं। 94.5 प्रतिशत इंटरनेट उपयोगकर्ता अब हर महीने सोशल मीडिया का उपयोग करते है। बीते 12 महीनों में सक्रिय सोशल मीडिया यूजर्स की संख्या दुनियाभर में 5.2 प्रतिशत बढ़ी है। सोशल मीडिया उपयोगकर्ता प्रतिमाह 6.8 अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का यूज करते हैं। अक्तूबर 2023 से अक्तूबर 2024 के बीच 25.6 करोड़ (256 मिलियन) नये यूजर सोशल मीडिया से जुड़े , जो बताता कि हर दिन सात लाख से अधिक नये यूजर सोशल मीडिया को मिले है। 86 प्रतिशत से अधिक वयस्क पहले से ही हर महीने कम से कम एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग कर रहे हैं।

# कासगंज में रिटायर्ड एडीएम की हत्या, गेस्ट हाउस में मिला खून से लथपथ शव

**कासगंज, 21 जनवरी (एजेंसी)।** रिटायर्ड एडीएम का खून से सना शव मंगलवार को उन्हीं के गेस्ट हाउस में मिला। शरीर के कई हिस्सों पर चोट के निशान थे। कर्मियों ने इसकी जानकारी पुलिस और परिजनों को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। परिवार के लोगों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव गोरहा के रहने वाले रिटायर्ड एडीएम राजेंद्र कश्यप का कासगंज-सोरों मार्ग पर मीनाक्षी नाम से गेस्ट हाउस है। यह गेस्ट गांव मामो के पास है। राजेंद्र कश्यप गेस्ट हाउस में ही रहते थे। जबकि उनका परिवार गाजियाबाद में रहता है। मंगलवार की तड़के गेस्ट हाउस के एक कमरे में उनकी खून से सनी लाश मिली। गेस्ट हाउस कर्मियों की नजर पड़ी तो उन्होंने पुलिस और परिजनों को इसकी जानकारी दी। एसपी अंकिता शर्मा समेत पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। परिजनों के मुताबिक राजेंद्र 6 साल पहले आजमगढ़ में एडीएम थे। वहीं से वह रिटायर हो गए थे। उनके 4 बच्चे हैं। इनमें 2 बेटे और 2 बेटियां हैं। एक बेटा और एक बेटी परिवार समेत अमेरिका में रहते हैं। एसपी अंकिता शर्मा ने बताया कि आज सुबह मीनाक्षी गेस्ट हाउस में राजेंद्र कश्यप की मौत की सूचना मिली। घटना मंगलवार तड़के 3 बजे के बाद की है। रात में 3 बजे गेस्ट हाउस के कर्मचारियों ने राजेंद्र कश्यप की तबीयत के बारे में पूछा था। उस दौरान वह ठीक थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही मौत के कारण का पता लग पाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# होटल में नग्न अवस्था में मिला बेंगलुरु के कारोबारी का शव, गर्लफ्रेंड हुई फरार

**लखनऊ, 21 जनवरी (एजेंसी)।** चिनहट स्थित सैफरॉन होटल में बैंगलोर से आए कारोबारी नीलेश भंडारी (44) की नग्न अवस्था में लाश मिली है। जानकारी के अनुसार, कारोबारी अपनी गर्लफ्रेंड आकांक्षा जैन के साथ होटल में रुके थे।

लखनऊ के चिनहट स्थित सैफरॉन होटल में बैंगलोर से आए कारोबारी नीलेश भंडारी (44) की नग्न अवस्था में लाश मिली है। जानकारी के अनुसार, कारोबारी अपनी गर्लफ्रेंड आकांक्षा जैन के साथ होटल में रुके थे। पुलिस के पहुंचते ही आकांक्षा फरार हो गई। मौके पर नीलेश की पत्नी डिंपल का आधार कार्ड भी मिला, जिसे उसने होटल में अपनी पहचान के लिए इस्तेमाल किया था। पुलिस ने बताया कि सोमवार देर शाम होटल के बाथरूम में नीलेश की लाश मिलने की सूचना मिली। पुलिस जांच में पता चला कि नीलेश राजस्थान के जालौन के लेटा गांव के रहने वाले थे। वे बैंगलोर में एक व्यापारी के रूप में काम कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक, शव पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं मिले और न ही कमरे में किसी संघर्ष का सबूत मिला। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, ताकि मौत के कारण का पता लगाया जा सके। घटना के समय नीलेश के साथ उनकी प्रेमिका आकांक्षा जैन भी मौजूद थी। पुलिस के होटल पहुंचते ही आकांक्षा अपना हैंडबैग और डायरी लेकर वहां से फरार हो गई। पुलिस अब आकांक्षा की तलाश कर रही है और होटल के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। मौके पर नीलेश की पत्नी डिंपल का आधार कार्ड मिला। पुलिस की जांच में पता चला कि नीलेश ने आकांक्षा को अपनी पत्नी बताकर होटल में चेक-इन किया था। पुलिस अधिकारी मौत को हादसा या हत्या मानकर जांच कर रहे हैं। होटल स्टाफ और अन्य गवाहों से पूछताछ की जा रही है।

# सोमवार को जिले में हुए दो कत्ल के आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### आभूषण बनाने वाले कारीगर के लापता होने से कारोबारियों में हड़कम्प

**खतौली, 21 जनवरी (बु.)**नगर के सर्राफा बाजार से स्वर्ण आभूषण बनाने वाले बंगाली कारीगर के अचानक लापता हो जाने की सूचना से नगर क्षेत्र के सर्राफा कारोबारियों में हड़कम्प मच गया। सूचना मिलते ही दुकानदारों का बंगाली कारीगर की दुकान पर जमावड़ा लग गया।लापता हुए कारीगर पर लगभग एक दर्जन सर्राफा दुकानदारों का लगभग 750 ग्राम शुद्ध सोना व लाखों रूपये की नगदी की देनदारी होने की चर्चा बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार नगर के सर्राफा बाजार में विगत लम्बे समय से बंगाल प्रान्त का रहने वाला एक स्वर्ण आभूषण बनाने वाला कारीगर बाजार में दुकान करता है जो सर्राफा दुकानदारों के स्वर्ण आभूषण बनाने का कार्य करता था। मंगलवार को बंगाली स्वर्ण आभूषण निर्माता कारीगर के अचानक लापता होने की सूचना मिलते ही सर्राफा दुकानदारों में हड़कम्प मच गया। बताया जाता है कि जब कुछ दुकानदारों द्वारा मोबाईल फोन द्वारा कारीगर से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया तो उसका फोन बंद पाया गया।कुछ ही पलों में बंगाली कारीगर के लापता होने की खबर नगर सहित आसपास के क्षेत्र के सर्राफा दुकानदारों में आग की तरह फैल गयी। इस दौरान स्वर्ण आभूषण बनाने हेतू बंगाली कारीगर को शुद्ध सोना एडवान्स के रूप में देने वाले सर्राफा दुकानदारों द्वारा बंगाली कारीगर की तलाश शुरू की गयी परन्तु कारीगर का कोई पता नही चल पाया। बताया जाता है कि कुछ लोग करीगर के बड़ा बाजार स्थित आवास पर भी गये जहां मकान पर मौजूद उसकी पत्नी द्वारा भी कोई संतोषजनक जवाब न देने से सर्राफा दुकानदारों के होश उड़ गये।लापता हुए बंगाली कारीगर पर एक दर्जन दुकानदारों का लगभग 750 ग्राम शुद्ध सोना व लाखों रूपये की नगदी की देनदारी की चर्चा बनी हुई है।

## प्रेसवार्ता के बाद पुलिस ने पिता-पुत्री को भेजा जेल

**मुजफ्फरनगर, 21 जनवरी (बु.)।** सोमवार को जानसठ कोतवाली क्षेत्र के गांव तिसंग में नाली के विवाद को लेकर सतेन्द्र व उसकी पुत्री सिंधू ने पड़ौसी राजकुमार के सिर पर तसला मारकर उसकी हत्या कर दी थी। इस मामले में आज आरोपी पिता पुत्री को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया, जिसके बाद पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता की गयी। प्रेसवार्ता के दौरान पूरी कहानी बयां करते हुए पुलिस ने पिता-पुत्री दोनों का चालान कर दिया।

पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए एसपी देहात आदित्य बंसल ने बताया कि रविवार सुबह गांव तिसंग में नाली खुलवाने को लेकर किसान राजकुमार सैनी व उसके पड़ौसी सतेन्द्र के बीच विवाद हो गया था। दोनों के बीच विवाद बढ़ने पर लाठी-डंडों से मारपीट हुई थी। एसपी देहात ने बताया कि पुलिस की जांच में सामने आया कि जब उन दोनों के बीच विवाद हो रहा था। तो पास में सतेन्द्र की बेटी सिंधू पास में गोबर के उपले पाथ रही थी। जब उसने शोर-शराबा सुना तो वह मौके पर पहुंची और अपने पिता सतेन्द्र से झगड़ा होते देख बिना कुछ सोचे समझे उसने पड़ौसी राजकुमार के सिर पर तसला दे मारा। हमले में उसके सिर की हड्डी टूट गयी और उसे हाथोंहाथ अटैक भी आ गया। परिवार के लोग पहले उसे खतौली के एक अस्पताल में ले गए जहां से जवाब मिलने के बाद राजकुमार को जानसठ सीएचसी ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ है कि मौत चोट व हार्टअटैक के कारण हुई है। पुलिस यह भी जांच कर रही कि घटना के समय उसका बेटा कपिल मौके पर मौजूद था या नहीं। जांच के बाद उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



पुलिस ने आरोपी पिता व उसकी बेटी को प्रेसवार्ता के बाद जेल भेज दिया।

## पुलिस लाइन में ही फफक-फफक कर रो पड़े हत्यारोपी पिता-पुत्री

**मुजफ्फरनगर।** सोमवार को दिन निकलते ही जानसठ थाना क्षेत्र के गांव तिसंग में उस समय नाली के विवाद में राजकुमार सैनी की हत्या कर दी गयी थी, जब उसने अधिकारियों को शिकायत कर अपना नाली बनवाने का काम शुरू कराया था। उक्त विवाद में पड़ौसी सतेन्द्र ने नाली का काम रुकवाया तो राजकुमार और सतेन्द्र के बीच गुत्थम-गुत्था हो गयी। इसी बीच पास ही में उपले पाथ रही सतेन्द्र की पुत्री सिंधू शोर-शराबा सुनकर दौड़ी आई और तसले से राजकुमार के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गयी, मगर मंगलवार को जब पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता हुई तो दोनों पिता-पुत्री इस बात के लिए बेबस दिखाई दिये कि कानून के शिकंजे से दोनों को कोई एक दूसरे के लिए नहीं बचा पा रहा है। घटना के समय पुत्री द्वारा अपने पिता को बचाने के लिए जो धर्म

**पुत्री ने अपने पिता को बचाने के लिए कर दिया था राजकुमार पर तसले से हमला**

निभाया गया, वह शायद कोई पुत्र भी नहीं निभा सकता। उसने अपने पिता को बचाने के लिए ही राजकुमार पर तसले से हमला कर दिया। मगर शायद उस समय उसे अंदाजा नहीं था कि तसले के हमले से ही राजकुमार की मौत हो जाएगी। ठीक इसी तरह पिता भी बेबस खड़ा यही सोचता रहा कि काश किसी तरह वह पूरा आरोप अपने ऊपर लेकर पुत्री को बचा पाता। इस बेबसी को देखकर दोनों पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता के दौरान ही भावुक हो गए और फफक-फफक कर रो पड़े। यह दृश्य देखकर पुलिसकर्मियों के दिल भी पिघले कि कभी-कभी ना चाहते हुए भी इंसान कुछ ऐसी घटनाओं को अंजाम दे डालता है, जिसमें समय बलवान दिखाई देता है, क्योंकि दोनों पिता-पुत्री का पहले से कोई आपराधिक इतिहास नहीं रहा है। बस एकाएक दोनों से मिलकर राजकुमार सैनी की हत्या हो गयी।

## सिर्फ पन्द्रह हजार रुपये के लिए अपने ही भाई का शिक्षक ने किया था कत्ल

**मुजफ्फरनगर, 21 जनवरी (बु.)।** सोमवार की देर रात शाहपुर के गांव बरवाला में शिक्षक बड़े भाई ने छोटे भाई की हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने छोटे भाई की हत्या करने वाले बड़े भाई शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर आला-ए-कत्ल चाकू भी बरामद किया है। आरोपी ने बताया कि उसने मात्र 15 हजार रुपए के विवाद में छोटे भाई की हत्या की थी। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी का चालान कर दिया है।



मंगलवार को पुलिस लाइन में शाहपुर में हुई हत्या के मामले में प्रेसवार्ता करते हुए एसपी देहात आदित्य बंसल ने बताया कि रविवार देर रात शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव बरवाला में आरोपी शिक्षक बड़े भाई प्रेमपाल ने छोटे भाई कृष्णपाल की गर्दन व सीने पर चाकू से वार कर हत्या कर दी थी। वारदात को अंजाम देकर आरोपी कल रात ही आसानी से फरार हो गया था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया था। एसपी देहात ने बताया कि पुलिस ने आरोपी प्रेमपाल को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी पुरकाजी के प्राइमरी स्कूल में शिक्षक है। आरोपी कुल तीन भाई हैं। जिनमें से एक भाई जोगेन्द्र यूपी पुलिस में हैड कांस्टेबिल है। उन्होंने बताया कि तीनों भाइयों के हिस्से में 39 बीघा जमीन आती है। जमीन को शिक्षक प्रेमपाल ही जोत रहा था। खेती की जमीन के 15 हजार रुपए को लेकर दोनों भाईयों के बीच विवाद हो गया। पुलिस ने बताया कि प्रेमपाल ने जिस समय अपने भाई कृष्णपाल पर चाकुओं से हमला किया उस समय वह शराब के नशे में था और शराब के नशे में घर के ही सब्जी काटने के चाकू से छोटे भाई पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। पूछताछ के बाद पुलिस ने मौके से आरोपी से चाकू बरामद कर लिया है तथा उसका चालान कर जेल भेज दिया गया है।



### मोदी ने ट्रम्प को राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने पद दी बधाई

**नई दिल्ली, 21 जनवरी (वार्ता)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने पर रिपब्लिकन पार्टी के नेता डोनाल्ड ट्रंप को बधाई दी और कहा कि मैं (नरेन्द्र मोदी) एक बार फिर दोनों देशों के लाभ के लिए और दुनिया के लिए एक बेहतर भविष्य बनाने के लिए मिलकर काम करने को उत्सुक हूं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ह्यप्रिय मित्र डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में ऐतिहासिक शपथ ग्रहण पर बधाई। मैं एक बार फिर हमारे दोनों देशों के लाभ के लिए और दुनिया के लिए एक बेहतर भविष्य बनाने के लिए मिलकर काम करने को उत्सुक हूं। आपके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं।

### उषा वेंस दूसरी महिला के रूप में सेवा देने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी और हिंदू बनी

**वाशिगटन, 21 जनवरी (वार्ता)** अमेरिका के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति शपथ ग्रहण समारोह के दौरान, जहां सभी की निगाहें डोनाल्ड ट्रंप और ओहायो के सीनेटर जेडी वेंस पर थीं, वहीं उनके साथ खड़ी कोई महिला अपने तरीके से इतिहास रच रही थीं वह थी उषा वेंस। सोमवार को 39 वर्षीय उषा वेंस दूसरी महिला के रूप में सेवा करने वाली पहली भारतीय अमेरिकी और हिंदू बन गईं। एक वकील के रूप में, जो भारतीय अप्रवासियों की बेटी है। उषा वेंस इस पद को संभालने वाली सबसे कम उम्र की दूसरी महिलाओं में भी एक हैं। एबीसी न्यूज के अनुसार वह पूर्व राष्ट्रपति हैरी ट्रूमैन के उपराष्ट्रपति एल्बेन बार्कले की पत्नी, 38 वर्षीय जेन हैडली बार्कले के बाद सबसे कम उम्र की दूसरी महिला हैं। यूएसए टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, दूसरी महिला के रूप में उषा वेंस का उदय तब हुआ है जब भारतीय अमेरिकी हाल के चुनाव चक्रों के दौरान राजनीतिक रूप से अधिक सक्रिय हो गए हैं और राष्ट्रीय मंच पर उम्मीदवार के रूप में खड़े हुए हैं, जिनमें 2024 में राष्ट्रपति पद के लिए दौड़ने वाले कई लोग भी शामिल हैं।



### संभल हिसा की जांच के लिए पहुंची न्यायिक आयोग की टीम

**संभल, 21 जनवरी(वार्ता)** उत्तर प्रदेश के संभल में पिछले साल 24 नवंबर को जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुए बवाल की जांच के लिए यहां पहुंची न्यायिक आयोग की टीम ने मंगलवार को हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा किया। न्यायिक आयोग की टीम ने हिसा प्रभावित क्षेत्रों कोटगर्वी एवं देहली दरवाजा आदि स्थानों का निरीक्षण किया। टीम ने नाले में मिले अमेरिका और पाकिस्तान मार्का कारतूसों के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान टीम जामा मस्जिद भी पहुंची और वहां बारीकी से निरीक्षण किया। इसके बाद टीम पीडब्ल्यूडी के गेस्ट हाउस पहुंची और अधिकारियों के बयान लिए हैं। हिंसा प्रभावित लोगों को भी बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया है। न्यायिक आयोग की टीम में उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश डीके अरोड़ा, यूपी के पूर्व डीजीपी अरविंद कुमार जैन एवं रिटायर्ड प्रमुख सचिव अमित मोहन प्रसाद शामिल हैं।

### संभल में बाल-बाल बचीं योगी की मंत्री, कार पर हुआ पथराव

**संभल, 21 जनवरी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में संभल में माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी की सुरक्षा में बड़ी चूक का मामला सामने आया है। यहां चंदौसी रेलवे स्टेशन पर एक युवक ने पथराव कर दिया। इसमें मंत्री की कार क्षतिग्रस्त हो गई और शीशा टूट गया। घटना के बाद जीआरपी ने आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। आरोपी की पहचान बदायूं जिले के फैजगंज वेहटा थाना क्षेत्र का रहने वाले अंशुल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री गुलाब देवी सोमवार की देर शाम चंदौसी रेलवे स्टेशन पहुंची थीं। यहां से उन्हें ट्रेन में सवार होकर प्रयागराज जाना था। उन्हें छोड़ने के लिए उनका ड्राइवर सत्यवीर स्टेशन पहुंचा था। वह स्टेशन परिसर में पहुंची तो पता चला कि ट्रेन लेट है। ऐसे में वह गाड़ी में ही बैठकर ट्रेन के आने का इंतजार कर रही थीं। इतने में वहां पहले से खड़े आरोपी अंशुल ने गाड़ी के शीशे पर पत्थर फेंक दिया। इस घटना में मंत्री की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई और शीशा टूट गया। इस घटना से मौके पर हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद जीआरपी के जवानों ने तुरंत घेराबंदी की और मंत्री को गाड़ी में से निकालकर सुरक्षित तरीके से रेलवे स्टेशन के अंदर पहुंचाया।

## डीएम के निर्देश पर कृषि अधिकारी ने दर्ज कराई थाने में रिपोर्ट

**मुजफ्फरनगर, 21 जनवरी (बु.)।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के निर्देश पर खतौली तहसील में प्राप्त हुई शिकायत के आधार पर जिला कृषि अधिकारी ने खतौली गन्ना समिति के ब्रजवीर सिंह पुत्र स्व. राजू के विरूद्ध स्थानीय खतौली थाने में उर्वरक

**जांच में खतौली गन्ना समिति में मिली थी भारी अनियमितता**

नियंत्रण आदेश- 1985 और आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 के प्राविधानों के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज कराई है। कृषि अधिकारी द्वारा रबी अभियान में कृषकों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराने के उदेश्य से सहकारी गन्ना विकास समिति



लिमिटेड खतौली पर उर्वरक गोदाम का औचक निरीक्षण किया था, जहां निरीक्षण के समय टीम को डीएपी उर्वरक की भौतिक एवं पोस मशीन में पाई भिन्नता के बारे में जानकारी चाही, जिस पर उनके द्वारा उक्त के संबंध में कोई भी सन्तोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। ऐसे में स्पष्ट है कि समिति द्वारा डीएपी उर्वरक की कालाबाजारी कर रही है। डीएम उमेश मिश्रा के निर्देश पर जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया ने संबंधित से स्पष्टीकरण साक्ष्यों सहित उपलब्ध कराने को कार्यालय द्वारा पत्र निर्गत किया एवं पुनः निरीक्षण के समय मौके पर उर्वरक स्टॉक डीएपी उर्वरक 95.55 मैट्रिक टन पोस मशीन और भौतिक रूप से 74 मैट्रिक टन उपलब्ध मिला, यूरिया उर्वरक 98.55 मैट्रिक टन पोस मशीन एवं भौतिक रूप में 98.55 मैट्रिक टन उपलब्ध मिला। एनपीके उर्वरक 53.1 मैट्रिक टन पोस मशीन और भौतिक रूप से भी 53.1 मैट्रिक टन उपलब्ध मिला। इस प्रकार समिति के गोदाम पर डीएपी उर्वरक में 21.55 मैट्रिक टन (431 बैग) का अन्तर पाया, जिससे स्पष्ट हो रहा है कि उक्त स्टॉक समिति द्वारा गलत तरीके से बेच दिया गया अथवा खुर्द-बुर्द कर दिया गया। जोकि स्पष्ट रूप से (आकर्बनिक, कार्बनिक या मिश्रित) (नियंत्रण) आदेश, 1985 का उल्लंघन है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निरीक्षण के दौरान उपलब्ध भौतिक संभार में भिन्नता या किसी प्रकार की अनियमितता पायी जाती है तो तदनुसार सक्षम प्राधिकारी के स्तर से सम्बन्धित उर्वरक विक्रेता के विरुद्ध जांच के उपरांत उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अन्तर्गत कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि जांच में मिली खामी के आधार पर कर्मचारी गोदाम कीपर ब्रजवीर सिंह के विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा-7 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अन्तर्गत प्रथम सूचना प्राथमिकी दर्ज कराते हुए प्रशासन से सख्ती के संकेत दिए हैं।

## रतनपुरी पुलिस ने 4 वर्षो से फरार चल रहे 20 हजार रुपये के इनामी को गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 21 जनवरी (बु.)।** जिला मुजफ्फरनगर में वांछित चल रहे तथा 20 हजार रुपये के इनामी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक देहात आदित्य बंसल के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी बुढ़ाना गजेन्द्रपाल सिंह के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक थाना रतनपुरी तेज सिंह के नेतृत्व में रतनपुरी पुलिस द्वारा 4 वर्षो से वांछित चल रहे 20 हजार रुपये के इनामी आरोपी को ग्राम तुमकडिया, थाना बेरिया, जिला पश्चिमी चम्पारन बिहार से गिरफ्तार को मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। उसके बाद पुलिस ने उसे जिला कारागार भेजा दिया। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध थाना रतनपुरी पर मु.अ.सं. 39/21 धारा 420/406/467/ 468/506/120बी भादवि के अन्तर्गत मुकदमें पंजीकृत हैं, जिसमें वह वांछित चल रहा था तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी हेतु 20 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था। पकड़े गए अभियुक्त का नाम आशीष रंजन पुत्र विनोद चौधरी, निवासी ग्राम तुमकडिया, थाना बेतिया, पश्चिमी चम्पारन बिहार है। अपराधी को गिरफ्तार करने गयी पुलिस टीम में एसआई योगेश तेवतिया, अनुभव सिंह, हैड कांस्टेबल कपिल कुमार,व देवेन्द्र सिंह शामिल रहे।



## 151 लीटर गंगाजल लेकर नगर में पहुंची कांवड़

**मुजफ्फरनगर, 21 जनवरी (बु.)।** नगर में एक और बड़ी कांवड़ यात्रा का हुआ आगमन, स्थानीय लोगों ने फूलों की बारिश कर किया स्वागत। ग्रेटर नोएडा निवासी विवेक चंदेला ने हरिद्वार से 1 जनवरी को यात्रा शुरू की, जिसमें विवेक भोला ने 151 लीटर गंगाजल उठाया और 57 दिन की कांवड़ यात्रा पूरा करने का संकल्प लिया। ठीक 21 दिन बाद रोज 5 किलोमीटर चलकर कांवड़ यात्रा लेकर मंगलवार को विवेक अपने साथियों संग मुजफ्फरनगर पहुंचे। यहां उन्होंने नगर की हृदय स्थली पहुंचकर भगवान आशुतोष का आशीर्वाद लिया, जहां कांवड़ यात्रा पर स्थानीय लोगों ने पुष्प वर्षा की। इस दौरान केले और बर्फी के प्रसाद का वितरण भी किया गया। विवेक चंदेला ने बताया कि वो अपनी इस यात्रा को 57 दिनों के अंदर पूरा करेंगे, जो करीब 26 जनवरी को गिरधरपुर सुनारसी नोएडा पहुंचेगी, जहां भगवान शिव के प्राचीन शिव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाएगा। पुराणों, वेदों और हिन्दू धर्म शास्त्रों में भगवान शिव के महात्म्य का वर्णन किया गया है। कहा जाता है कि महाशिवरात्रि की रात भोलेनाथ शिवलिंग में वास करते हैं। इस दिन की गई शिव आराधना समस्त संकटों का नाश करती है। हर चंद्र मास का चौदहवां दिन अथवा अमावस्या से पूर्व का एक दिन शिवरात्रि के नाम से जाना जाता है, लेकिन देवों के देव महादेव का सबसे प्रिय पर्व 'शिव की महान रात्रि' अर्थात महाशिवरात्रि फाल्गुन माह में मनाई जाती है। महाशिवरात्रि 26 फरवरी को मनाई जाएगी। इस दिन भोले की भक्ति में डूबे भक्तगण भगवान आशुतोष का महाभिषेक कर उनका नमन करेंगे।



### छत पर खेल रहे बच्चे ने बन्दर से बचाव को लगाई छलांग, दोनों पैर टूटे

**मुजफ्फरनगर, 21 जनवरी (बु.)।** जनपद के कस्बा बुढ़ाना के मौहल्ला नई बस्ती में हमजा (7 वर्ष) पुत्र साजिद अपनी छत पर खेल रहा था, तभी वहां आतंक मचाते हुए बन्दरों की टोली आ गई और उसकी ओर झपटी। बंदरों को अपनी ओर आते देख हमजा से छत से छलांग लगा दी और चीख पुकार की, जिससे उसके दोनों पैर टूट गए। हमजा को चिकित्सक के यहां ले जाया गया, जिसके बाद हमजा के दोनों पैरों में प्लास्टर कराया गया है।



## तितावी पुलिस ने किया वाहन चोरी का खुलासा

**1 वाहन चोर आरोपी गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की गयी 1 मोटरसाइकिल बरामद**

**मुजफ्फरनगर, 21 जनवरी (बु.)।** शातिर वाहन चोर गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक देहात के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी फुगाना संतप्रसाद उपाध्याय के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष तितावी मानवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में थाना तितावी पुलिस द्वारा मंगलवार को वाहन चोरी के अभियोग का मात्र 12 घंटे में ही सम्पूर्ण बरामदगी के साथ घटना का खुलासा किया गया। पुलिस ने 01 वाहन चोर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से ग्राम जसोई से चोरी की गयी मोटरसाइकिल बरामद की गयी। आरोपी की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना तितावी पुलिस द्वारा कानूनी कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी का नाम शेखर पुत्र रोहताश निवासी नगला पिथौरा, थाना तितावी मुजफ्फरनगर है, जिसके पास से चोरी की एक मोटरसाइकिल एच डीलक्स, जिसकी संख्या यढ 12 इअ 2670 पुलिस द्वारा बरामद की गयी है। आरोपी को गिरफ्तारी करने गयी टीम में उपनिरीक्षक कामील चौधरी, कांस्टेबिल, संजय कुमार, दीपक कुमार आदि शामिल रहे।



## मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण ने बुढ़ाना में 2 अवैध स्थलों पर लगभग 38 बीघा भूमि पर हो रहे निर्माण को ध्वस्त कराया

**मुजफ्फरनगर, 21 जनवरी (बु.)।** मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र बुढ़ाना में अवैध प्लॉटिंग के निर्माण को एमडीए उपाध्यक्ष कवि कविता मीना के आदेश पर किया गया ध्वस्त। मंगलवार को बुढ़ाना के प्रवेश त्यागी, राकेश त्यागी पुत्रगण जयप्रकाश त्यागी, सादा पुत्र ओना अहमद द्वारा खसरा नं0-1368, 1369, 1300, सरकारी अस्पताल से आगे बुढ़ाना में लगभग 30 बीघा एवं सन्तोष देवी पत्नी महेन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह पुत्र तीरथ सिंह आदि द्वारा खसरा नं.- 1453, 1454 बुढ़ाना बांगर उत्तरी में लगभग 8 बीघा में अनाधिकृत रूप से (प्राधिकरण से तलपट मानचित्र स्वीकृत कराये बिना) अवैध प्लॉटिंग के निर्माण को विकास प्राधिकरण द्वारा ध्वस्त किया गया। एमडीए सचिव ने बताया कि उक्त अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध प्राधिकरण द्वारा पूर्व में नोटिस जारी किये गये थे, जिसमें चालानी कार्यवाही के उपरान्त पूर्व में ध्वस्तीकरण के आदेश निर्गत किये गये थे, परन्तु अवैध प्लॉटिंग के भू-स्वामियों द्वारा स्थल से अवैध प्लॉटिंग को नहीं हटाया गया था। मंगलवार को मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण द्वारा विकास क्षेत्र बुढ़ाना में उक्त 2 स्थलों पर लगभग 38 बीघा भूमि पर अवैध रूप से विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई है। इस दौरान अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता एवं प्राधिकरण टीम के साथ साथ सम्बन्धित थाने का पुलिसबल भी मौके पर उपस्थित रहा।



### ट्रंप के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में दिखा खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू

**वाशिंगटन, 21 जनवरी (एजेंसी)।** अमेरिका के वॉशिंगटन में डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान खालिस्तानी चरमपंथी गुरपतवंत सिंह पन्नू को देखा गया। दावा किया जा रहा है कि खालिस्तान समर्थक गतिविधियों के लिए जाना जाने वाला पन्नू ट्रंप के राष्ट्रपति पद के शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद था। यह घटना कई सवाल खड़े कर रही है, क्योंकि पन्नू लंबे समय से भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल रहा है। उस पर देश की सुरक्षा को खतरा पहुंचाने का आरोप है। पन्नू की मौजूदगी को लेकर भारतीय समुदाय में नाराजगी है। विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में ऐसे तत्वों की भागीदारी चिंताजनक है। फिलहाल इस मामले पर भारतीय और अमेरिकी प्रशासन के बीच प्रतिक्रिया का इंतजार है। बता दें, खालिस्तान अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित साजिश पर संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा प्रदान की गई जानकारी की जांच के लिए केंद्र सरकार द्वारा गठित एक उच्चस्तरीय समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। बीते बुधवार को गृह मंत्रालय (एमएचए) ने बताया कि इस मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाईह्न की सिफारिश की गई है। हालांकि, बयान में संबंधित व्यक्ति की पहचान नहीं बताई गई है, लेकिन केंद्र द्वारा यह पहली बार स्वीकार किया गया है कि कथित साजिश में कोई भारतीय नागरिक शामिल था।

### महाकुंभ में ब्लास्ट के पीछे खालिस्तानी संगठन का हाथ

**लखनऊ, 21 जनवरी (एजेंसी)।** प्रयागराज महाकुंभ मेले में सिलेंडर ब्लास्ट की घटना की जिम्मेदारी आतंकवादी संगठन खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स ने ली है। इसे लेकर कुछ मीडिया संस्थानों को ई-मेल भेजी है, जिसमें कहा गया है कि पीलीभीत फेक एनकाउंटर का बदला लेने के लिए यह किया गया है। यह ब्लास्ट सीएम योगी को केवल अलर्ट है और यह शुरूआत है। इस ई-मेल की सत्यता की पुष्टिमहानगर टाइम्स नहीं करता है। पुलिस मामले में जांच में जुटी है। आतंकी संगठन ने ई-मेल में कहा, 'खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स कुंभ मेले के दौरान हुए विस्फोट की जिम्मेदारी लेता है। उद्देश्य किसी को नुकसान पहुंचाना नहीं था, केवल उट योगी आदित्यनाथ और उनके कुत्ते के लिए एक चेतावनी थी। खालसा पीलीभीत फर्जी मुठभेड़ में हमारे 3 भाइयों की हत्या का बदला है। यह अभी शुरूआत है।' ई-मेल में फतेह सिंह बागी का नाम लिखा है। रविवार शाम चार बजे शास्त्री ब्रिज के पास सेक्टर-19 में गीता प्रेस के कैंप में आग लग गई थी। इससे 200 कॉटेज जल गए थे। अफसरों के मुताबिक, छोटे सिलेंडर से चाय बनाते समय सिलेंडर लीक हो गया और आग लग गई। ईमेल खालिस्तानी आतंकियों के हैंडलर फतेह सिंह बागी के नाम से भेजी गई है। यह तरनतारन का रहने वाला है। खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स का चीफ रणजीत नीटा का संगठन खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स को संभाल रहा है।

## मर्यादाएं फिर हुई तार-तार, शहर से गांव तक देह व्यापार

**मुजफ्फरनगर, 21 जनवरी (बु.)।** होटलों की आड में मुजफ्फरनगर जिले में लगातार अय्यासी के अड्डे मिल रहे हैं। मुजफ्फरनगर शहर में तो कई बार अय्याशी के अड्डे मिलने के मामले सामने आ चुके हैं। इसके बाद खतौली और मंगलवार को शाहपुर से एक और अनैतिक कार्यो का अड्डा सनसराज होटल मिला है, जहां क्षेत्र के लोगों को सूचना मिली थी कि उक्त होटल में होटल के नाम पर देह व्यापार का धंधा चल रहा है। क्षेत्र के लोगों की सूचना पर पुलिस वहां पहुंची तो छह लड़कियों को शर्मिन्दगी न होने के कारण होटल के दूसरे रास्ते से उन्हें खेतों की ओर निकाल दिया गया। वहां मौजूद बबलू ने बताया कि यह कोई नई बात नहीं है। इससे पहले वह ओयो होटल की शिकायत अधिकारियों से कर चुके हैं और बता चुके हैं कि इन होटलों में लगातार अनैतिक कार्य हो रहे हैं, मगर न सरकार कुछ करने को तैयार है, ऐसे में उन्होंने जिलाधिकारी को इसकी शिकायत की। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि होटलों की आड में युवक-युवती अपने घर की मर्यादाओं को होटलों के बंद कमरे में फ्री के भाव बेच रही हैं। आशिकी के नाम पर जो आज के दौर के युवक-युवती कर रहे हैं, वह बेहद शर्मनाक और परिवार के साथ साथ समाज को कलंकित करने वाला है। उन्होंने मांग की कि जिलाधिकारी पूरे जिले में छापामारी का कार्य करके किसी भी दिन ऐसे संदिग्ध होटलों के युवक युवतियों को अमर्यादित कृत्य करते हुए पकड़वा सकते हैं, जिससे समाज में सुधार हो और परिवार की इज्जत बची रहे।




शिकायतकर्ता बबलू

### सामने से आ रहे ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर

**सिखेड़ा, 21 जनवरी (बु.)।** थाना क्षेत्र के पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव निराना के पास ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को सीएचसी जानसठ पहुंचाया, जहां से घायल को जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया। बाबूराम पुत्र धूम सिंह निवासी गांव निराना जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में काम करता है। मंगलवार की दोपहर लगभग तीन बजे वह अपने गांव से स्कूल में जा रहा था। जब वह पानीपत खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग के गांव निराना में केनरा बैंक के सामने पहुंचा तो सामने से आ रहे ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गया। किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायल को सीएचसी जानसठ में भर्ती कराया। वहां पर उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे उपचार देकर हायर सेंटर रैफर कर दिया। थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटना की अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है।

## खुली हड़ताल, वार्डों में कूड़ा उठाने पहुंची कंपनी की गाड़ियां

### सुपरवाइजरों को वेतन जारी, बकाया हिसाब देंगे सुपरवाइजर

**मुजफ्फरनगर, 21 जनवरी (बु.)।** पालिका प्रशासन की ओर से नगर क्षेत्र में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कार्य में लगी दिल्ली की कंपनी एमआईटूसी द्वारा वार्डों में कार्यरत सुपरवाइजरों का वेतन रोके जाने के बाद शुरू विवाद का पटाक्षेप हो गया। मंगलवार में सुबह कामबंद हड़ताल समाप्त करते हुए कर्मचारी कंपनी में काम पर लौट आए और वार्डों में कूड़ा कलेक्शन दो दिन बाद शुरू कर दिया। इसके साथ ही कर्मचारियों की मांगों का निस्तारण करने के लिए कंपनी में सहमति बनी, वहीं सुपरवाइजरों ने फरवरी में कंपनी का बकाया हिसाब किताब करने का भरोसा दिया है।

नगरपालिका परिषद् की ओर से किए अनुबंध के आधार पर शहरी क्षेत्र में कूड़ा कलेक्शन कर रही कंपनी एमआईटूसी ने यूजर चार्ज के रूप में घरों से की जाने वाली वसूली का पैसा जमा न होने पर सभी सुपरवाइजरों का दिसम्बर माह का वेतन रोक दिया था। इससे नाराज कर्मचारियों ने रविवार सुबह कंपनी दफ्तर पर विरोध प्रदर्शन करते हुए वाहनों का चक्का जाम करते हुए कामबंद हड़ताल कर दी थी। इससे शहर में कूड़ा कलेक्शन का काम बंद हो गया। कंपनी और कर्मचारियों के बीच गतिरोध बनने के कारण दो दिन हड़ताल जारी रही। इसी बीच कंपनी के एमडी कमलजीत को भी दिल्ली से यहां पर वार्ता के लिए आना पड़ा था। कंपनी प्रोजेक्ट हैड कुलदीप सिंह ने बताया कि मंगलवार को कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त हो गई और आज सवेरे डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए सभी टीमों को गाड़ियों के साथ निकाल दिया गया। उन्होंने बताया कि कंपनी की ओर से सहमति बनने पर सुपरवाइजरों का वेतन जारी कर दिया गया। इसके साथ ही कर्मियों ने अपने पीएफ का भुगतान भी मांगा है, इस पर 30 जनवरी तक सभी कर्मचारियों का पीएफ भुगतान का मामला सुलझा लिया जायेगा। इसके लिए उनको कंपनी ने दिल्ली बुलाया है। वहीं इन सुपरवाइजरों को कंपनी के बकाया यूजर चार्ज का हिसाब देने के लिए अंतिम अवसर दिया है। उन्होंने बताया कि 30 जनवरी के बाद सुपरवाइजरों ने बकाया जमा कराते हुए हिसाब करने का भरोसा दिया है। उन्होंने बताया कि मंगलवार में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में लगी टीमों को वार्डों में डबल शिफ्ट में काम करने के लिए निर्देशित किया है, ताकि 2 दिन की हड़ताल के कारण बनी विपरीत परिस्थितियों को सामान्य किया जा सके।



## छत्तीसगढ़ : गरियाबंद मुठभेड़ में एक करोड़ के इनामी सहित 20 नक्सली ढेर

**गरियाबंद, 21 जनवरी (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में पिछले 36 घंटे से नक्सलियों और सुरक्षाबलों की मुठभेड़ जारी है। अब तक कुल 20 नक्सलियों के मारे जाने की जानकारी सामने आई है। साथ ही भारी मात्रा में हथियार भी बरामद हुए हैं। बताया जा रहा है कि कल सुबह से कुल्हाड़ीघाट के भालुडिग्गी की पहाड़ियों पर सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। मुठभेड़ के बाद कि गई सर्चिंग के दौरान कल दो नक्सलियों के शव मिले थे, जिनमें से एक महिला है। आईजी रायपुर जोन अमरेश मिश्रा के मुताबिक, आज 20 नक्सलियों के शव जवानों ने किया बरामद किए हैं। AK 47, SLR, INSAS समेत कई आटोमैटिक हथियार भी मौके से बरामद हुए हैं। जवानों का सर्च ऑपरेशन जारी है। सूत्रों के मुताबिक 1 करोड़ के इनामी नक्सली उड़ीसा स्टेट का चीफ जयराम उर्फ चलपती भी मारे गए नक्सलियों ने शामिल है। साथ ही इस मुठभेड़ में सीसीएम मनोज और गुड्डू के भी मारे जाने की खबर है। बताया जा रहा है कि मुठभेड़ के दौरान एक सुरक्षाकर्मी भी घायल हुआ है, जिसे एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया गया। इस ज्वाइंट ऑपेशन में लगभग 1 हजार जवानों ने नक्सलियों को दोनों राज्य की सीमाओं में घेरा था। जानकारी के मुताबिक, छत्तीसगढ़ और ओडिशा सुरक्षाबलों की कुल 10 टीमें नक्सलियों के खिलाफ ज्वाइंट ऑपरेशन को अंजाम दे रही है। सर्चिंग के दौरान और भी नक्सलियों के शव मिलने की संभावना जताई गई है। जो नक्सली मारे गए हैं, फिलहाल उनके शवों की पहचान की जा रही है। ओडिशा और छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर कुल्हाड़ी घाट के जंगल में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इस सूचना के मिलने के बाद ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस ने 19 जनवरी को एक साथ नक्सलियों के खिलाफ संयुक्त ऑपरेशन लांच किया। कुल्हाड़ी घाट रिजर्व फॉरेस्ट के घने जंगलों में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है।